गंगा की सफाई सरकार के लिए बेहद महत्वपूर्ण : शेखावत

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि गंगा की सफाई सरकार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पवित्र नदी भारत की आर्थिक गतिविधियों का आधार है और देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी की आजीविका इस पर निर्भर है। 'गंगा उत्सव- द रिवर फेस्टिवल 2021' में शेखावत ने कहा, 'हम गंगा को आम आदमी से जोड़ने और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के तहत इसे जनआंदोलन बनाने में सफल रहे हैं। ऐसे करोड़ों लोग हैं जो गंगा सफाई की प्रक्रिया में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।' इस मौके पर शेखावत ने 'क्लैप' (कंटीन्यूअस लर्निंग एंड एक्टिविटी पोर्टल) को लांच किया। यह ऐसा पोर्टल है जो देश की नदियों के बारे में संवाद और कार्रवाई शुरू करने की दिशा में काम कर रहा है। शेखावत ने फंसी हुई गंगा डाल्फिन को सुरक्षित बचाने और उन्हें छोड़ने की मार्गदर्शिका पर एक मैनुअल भी जारी किया।

गजेंद्र सिंह शेखावत • फाइल फोटो

गंगा उत्सव

- कहा, यह पवित्र नदी भारत की आर्थिक गतिविधियों का आधार
- देश की 40 प्रतिशत आवादी की आजीविका भी इस पर निर्भर

गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकाड्र्स में दर्ज हुआ एनएमसीजी: 'गंगा उत्सव- द रिवर फेस्टिवल 2021' के पहले दिन फेसबुक पेज पर एक घंटे में (सुबह 11 बजे से 12 बजे तक) हस्तलिखित नोट्स की अधिकतम संख्या में फोटो अपलोड करने के लिए एनएमसीजी गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकाड्र्स में दर्ज हो गया।